भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1328

14 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

सशस्त्र बलों के जवानों का हताहत होना

1328. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों में देश भर में आतंकवादी हमलों में सशस्त्र बलों के कुल कितने जवान हताहत (जानलेवा और गैर-जानलेवा) हुए हैं, तत्संबंधी वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस अवधि के दौरान मृतक/घायल सैनिकों के परिवारों को प्रदान किए गए मुआवजे और सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ग) चालू वर्ष में ऐसे मृत सैनिकों के परिवारों को दिए गए कुल मुआवजे का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): गत पांच वर्षों के दौरान आतंकवादी हमलों/आतंकवादरोधी संक्रियाओं में सशस्त्र सेनाओं में युद्ध हताहतों (मृतकों और घायल) के ब्यौरे निम्नवत हैं:-

वर्ष	**सेना में हताहत**		**भारतीय वायुसेना में हताहत**	
	मृतक	घायल	मृतक	घायल
2017	40	118	03	00
2018	47	102	00	00
2019	27	54	00	00
2020	23	35	00	00
2021	19	14	00	00
2022	00	00	00	02

उक्त अवधि के दौरान कोई भी नौसेना कार्मिक हताहत नहीं हुआ ।

(ख): भारतीय सेना के मृतक/घायल सैनिकों के परिवारों के लिए प्रदान किए गए मुआवजे और सहायता के ब्यौरे निम्नवत हैं:-

क्र.सं.	वर्ष	मृतकों के लिए प्रदान की गई राशि करोड़ रु. में	घायलों को प्रदान की गई राशि करोड़ रु. में
(क)	2017	0.88	0.97
(ख)	2018	1.04	0.87
(ग)	2019	0.74	0.65
(घ)	2020	2.16	0.96
(ङ)	2021	2.32	0.04
कुल		**7.14**	**3.49**
सकल योग		**10.63 करोड़ रु.**	

<u>बच्चों की शिक्षा में रियायत :</u> मारे गए/लापता/दिव्यांग सशस्त्र सेना कार्मिकों के बच्चों के लिए शौक्षिक रियायत होती है । लाभार्थियों के ब्यौरे निम्नवत हैं:-

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	लाभर्थियों की संख्या	वितरित राशि
(क)	2017-18	3264	18.25 करोड़
(ख)	2018-19	2699	19.00 करोड़
(ग)	2019-20	3282	21.35 करोड़
(घ)	2020-21	2735	19.00 करोड़
(ङ)	2021-22	2690	17.00 करोड़

कार्रवाई में मारे जाने वाले रक्षा कार्मिकों और उनकी विधवाओं को रेल और हवाई यात्रा में भी विभिन्न रियायतें प्रदान की जाती हैं ।

भारतीय वायु सेना के मारे गए कार्मिकों के निकट संबंधी को प्रदान किए जाने वाले मुआवजे और सहायता का ब्यौरा इस प्रकार है:-

क्र.सं.	नाम	पेंशन संबंधी प्रदत्त लाभों का ब्यौरा
(i)	सीपीएल निलेश कुमार नयन	एलएफपी- 42,200 /-रु. डीसीआरजी – 5,31,720/-रु. अनुग्रह राशि- 35,00,000/-रु.
(i i)	एसजीटी खैरनर मिलिंद किशोर	एलएफपी- 46,340 /-रु. डीसीआरजी – 8,49,600/-रु. अनुग्रह राशि- 35,00,000/-रु.
(i i i)	सीपीएल जेपी निराला	एलएफपी- 41,175 /-रु. डीसीआरजी – 8,64,000/-रु. अनुग्रह राशि- 35,00,000/-रु.

(ग): चालू वर्ष के दौरान मृतक सैनिकों के परिवारों को सशस्त्र सेना युद्ध हताहत निधि से दिए गए कुल मुआवजे का ब्यौरा इस प्रकार है:-

क्र.सं.	वर्ष	गंभीर रूप से हताहतों की सं.	राशि करोड़ रु. में
(i)	2022	02	0.16

****